भारत सरकार

(सूचना और प्रसारण मंत्रालय)

भारत के प्रेस महापंजीयक का कार्यालय

9 वां तल, सूचना भवन सी जी ओ कॉमपलेक्स

लोधी रोड़, नई दिल्ली-110003

2025 की परामर्शिका संख्या 47

दिनांक: .12.2025

विषय: डेस्क ऑडिट के माध्यम से नियतकालिक पत्रिकाओं के प्रसार संख्या सत्यापन हेतु आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में परामर्शिका।

आवेदन प्रस्तुत करने के प्रावधान के संबंध में परामर्शिका सं० 43/2025 के क्रम में, सभी संबंधित प्रकाशकों एवं हितधारकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि डेस्क ऑडिट के माध्यम से नियतकालिक पत्रिकाओं के प्रसार संख्या सत्यापन हेतु आवेदन ई-मेल **prgi-cv1@gov.in**पर प्रस्तुत करने का प्रावधान आगामी आदेश तक जारी रहेगा।

2. यह विस्तार इसलिए आवश्यक हुआ है क्योंकि प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने की सुविधा अभी विकासाधीन है तथा अभी पूर्ण रूप से क्रियाशील नहीं हो सकी है। जब तक पोर्टल तकनीकी रूप से आवेदन प्राप्त करने एवं उनका प्रसंस्करण करने हेतु तैयार नहीं हो जाता, तब तक वर्तमान ई-मेल आधारित आवेदन प्रणाली प्रभावी रहेगी।

3. जिन प्रकाशकों ने पहले ही प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर दिए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे समयबद्ध प्रसंस्करण सुनिश्चित करने तथा प्रक्रियात्मक विलंब से बचने हेतु अपने आवेदन पुनः ई-मेल **prgi-cv1@gov.in**के माध्यम से प्रस्तुत करें।

4. सभी प्रकाशकों एवं हितधारकों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त का ध्यान रखें तथा तदनुसार अनुपालन करें।

यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है

डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित

रजित चंद्रन एम.आर.

दिनांकः 02 दिसंबर, 2025